BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date 24/02/2025........ Page ....11........ Column ....02........

Subject ....बीएमयू मे जॉब फेयर का आयोजन कल........

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में जॉब फेयर का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 25 फरवरी को जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 70 से ज्यादा कंपनियां भाग लेंगी और विश्वविद्यालय के छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

■ विद्यार्थियों ने जाना रिज्यूम बनाने का कौशल

विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा रिज्यूम निर्माण और साक्षात्कार कौशल विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विवि के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि जो शिक्षण संस्थान योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ता है, वो अपने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होता है। ऐसे ही विवि का प्लेसमेंट विभाग योजनाबद्ध तरीके से जॉब फेयर आयोजित करने जा रहा है। कैप्टन डॉ. वीरेंद्र सिंह ने रिज्यूम निर्माण के महत्व, साक्षात्कार में संचार की भूमिका, वेशभूषा और आत्म-प्रस्तुतीकरण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक प्रभावी रिज्यूम न केवल उनकी योग्यता और अनुभव को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वे करियर को लेकर कितने गंभीर हैं। कुलसचिव विनोद कुमार ने कहा कि यह जॉब फेयर न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि छात्रों को पेशेवर दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार भी करेगा। डॉ. नवीन कुमार ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है।